# खैराबाद में अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। खैराबाद में गुरुवार को गोयन्दा रोड पर खैराबाद चौराहे से हीरियाखेड़ी तक सड़क किनारे बने मकानों के अतिक्रमण प्रशासन द्वारा हटाए गए।

प्राप्त जानकारी अनुसार खैराबाद से गोयन्दा तक रोड की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है इसके लिए दीपावली से पहले हीरियाखेड़ी से गोयन्दा चौराहे खैराबाद तक बने मकानों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस दे दिया गया था और मकान पर पीडब्ल्यूडी द्वारा निशान भी लगा दिया गए थे। जो रोड के बीच से 6 मीटर तक बने हुए सभी निर्माण को अतिक्रमण घोषित किया गया था। जिसके लिए गोयन्दा रोड के अधिकतर मकान अतिक्रमण की चपेट में आ गए थे। इसके लिए गोयन्दा रोड निवासियों ने पूर्व में एसडीएम चारु को ज्ञापन दिया था। जिसमें उन्होंने रोड की चौड़ाई को 6 मीटर से घटाकर 5 मीटर करने की मांग की थी। जिसे प्रशासन ने स्वीकार किया और अतिक्रमण को 5 मीटर तक ही हटाने के आदेश दिए। अतिक्रमण हटाने के लिए गुरुवार को नायब तहसीलदार हेमराज मीणा, पुलिस उप अधीक्षक घनश्याम मीणा, सीआई मनोज सिंह सिकरवार, कनिष्ठ अभियंता पीडब्ल्यूडी दिव्या राठौर, कानूनगो राजकुमार मीणा व पटवारी हिमांशु अग्रवाल मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंचे और दो जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही शुरू हुई, जो सुबह 10 बजे से दोपहर 3 तक चलती रही।



रामगंजमंडी क्षेत्र के खैराबाद में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया।

अतिक्रमण के दौरान हिरियाखेड़ी गांव में कुछ व्यक्तियों ने अतिक्रमण तोड़ने में भेदभाव का आरोप भी लगाया। उन्होंने बताया कि सड़क के किनारे पानी निकासी का नाला बनाया गया था जिसे एक मकान के यहां घुमा दिया गया और हमारे मकान में 1 से 2 फुट अतिक्रमण आ रहा था। लेकिन हमारा 10 फुट के आसपास मकान तोड़ दिया गया। जब हमने इसके लिए पीडब्ल्यूडी अधिकारी तहसीलदार व पटवारी से बात की तो उन्होंने कहा कि हमने सही नापतोल कर अतिक्रमण हटाया है, कहीं भी कोई गलत अतिक्रमण नहीं हटाया गया। वहीं तहसीलदार ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी को दोबारा उस जगह अतिक्रमण को नापने को कहा फिलहाल अतिक्रमण का कहीं विरोध नहीं हुआ और शांतिपूर्वक अतिक्रमण हटा दिया गया।

## निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपेशन शिविर

**कोटा,** (निसं)। संत कंवरराम सिंधी धर्मशाला की ओर से हर माह की 20 तारीख को लगाए जाने वाले नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन गुरूवार को सिंधी धर्मशाला में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा पुलिस महानिरीक्षक राजेन्द्र कुमार गोयल ने ऑपरेशन के पश्चात उपस्थित लाभार्थियों को चश्मों का वितरण किया। सिंधी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष गिरधारी पंजवानी ने कहा कि करीब 20 साल से यह शिविर अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित किए जाते है। यहां कोटा संभाग सहित एमपी के आसपास से भी लोग आते हैं। सभी को रहने, खाने, दवा एवं चश्में का वितरण किया जाता है। ऑपरेशन भी निःशुल्क डॉ. सुधीर गुप्ता के यहां कराए जाते हैं। इस अवसर पर आई जी गोयल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मानव शरीर में ईश्वर का वास होता है, और मानव सेवा ईश्वरीय सेवा होती है। हर वर्ग के लोगों की सेवा करना सराहनीय है। आईजी गोयल का इस दौरान समिति सदस्यों की ओर से माल्यार्पण कर, साफा बांधकर स्वागत किया गया। डॉ. दिपेश छबलानी ने रेटीना और कालापानी की जांच कर उचित परामर्श दिया। इस दौरान 80 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। समिति के सचिव दमोदर वनवानी ने कहा कि शिविर के दौरान 400 से 500 लोग आते हैं, जिसमें मोतियाबिंद के चयनित व्यक्तियों का ऑपरेशन कराया जाता है, अब तक रीब 5 हजार ऑपरेशन संस्था द्वारा कराए जा चुके हैं।

## सार-समाचार

### कोटा पर्यटन व शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू) के नव-नियुक्त राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी से करेजियस कम्युनिटी फाउंडेशन के चेयरमैन एवं संस्थापक निदेशक एवं डीसीएम के पूर्व सीईओ वी.के. जैटली ने उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। दोनों प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों के बीच कोटा में टूरिज्म प्रमोशन, तकनीकी शिक्षा की उपयोगिता बढ़ाने तथा सामुदायिक विकास जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। वी.के. जेटली ने फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक पहलों का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने राजस्थान के शैक्षणिक हब कोटा में सुरक्षित, स्वच्छ और सतत पर्यटन मॉडल के निर्माण हेतु विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। कुलपति प्रो. नितिन चौधरी अपने शोध, अकादमिक प्रबंधन, पर्यटन अध्ययन, उद्यमिता एवं वैश्विक शिक्षण अनुभव के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचाने जाते हैं ने शहर में तकनीकी शिक्षा, नवाचार केंद्रों और उद्योग, शैक्षणिक सहयोग को सशक्त करने के प्रयासों की जानकारी साझा की। उन्होंने कोटा को इनोवेशन व टूरिज्म कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। बैठक में कोटा को शैक्षणिक पर्यटन के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित करने हेतु संयुक्त पहल, छात्र, उद्योग, समाज के बीच रिसर्च आधारित सामाजिक प्रोजेक्ट्स बढ़ाने, तकनीकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सामुदायिक सेवा, नेतृत्व निर्माण और स्टार्टअप कल्चर से जोड़ने, शहर में सस्टेनेबल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्कशॉप्स, सेमिनार और पायलट प्रोजेक्ट्स पर सहयोग विषय पर चर्चा की गई।

### 13 स्थानों पर आश्रय स्थल संचालित होंगे

**कोटा,** (निसं)। सर्दी के मौसम में असहाय व्यक्तियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा 13 स्थानों पर स्थायी और अस्थायी आश्रय स्थल संचालित किए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने गुरूवार को आश्रय स्थल तैयार कर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने बताया कि नयापुरा बस स्टैंड, एमबीएस अस्पताल, भीमगंजमंडी सेक्टर कार्यालय तथा न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पूर्व से ही आश्रय स्थल संचालित हैं जबकि सूरजपोल सेक्टर कार्यालय, नाग-नागिन मंदिर, हिन्दू धर्मशाला, कुन्हाड़ी फ्लाईओवर के नीचे, सुधा अस्पताल के सामने, अनन्तपुरा चुंगी नाका, डीसीएम फ्लाईओवर के नीचे, अम्बेडकर भवन, एमबीएस महिला आश्रय स्थल के बाहर अस्थायी आश्रय स्थल बनाए जा रहे हैं। इन सभी आश्रय स्थलों पर रजाई, गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, रोशनी, स्नानघर, हीटर, फर्स्ट एड आदि सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। आश्रय स्थल पर सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहायक और कनिष्ठ अभियंताओं को प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और शुक्रवार को आश्रय स्थलों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सार-समाचार

### भक्तामर पाठ का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप अनुभव एवं अतिवीर के तत्वावधान में महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, तलवंडी में 64 रिद्धि-सिद्धि मंत्रोच्चार के साथ भक्तामर स्तोत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसका सौभाग्य जे. के. जैन, पुष्पा जैन, निकुंज-वर्षा जैन और विकास-रितु जैन को प्राप्त हुआ। इस विशेष धार्मिक आयोजन में सकल समाज के मुख्य परम संरक्षक विमल जैन (नांता), महामंत्री पदम बड़ला, फेडरेशन के कार्याध्यक्ष सुरेश चांदवाड, अनुभव व अतिवीर ग्रुप के पदाधिकारी एवं दंपति सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इसके साथ ही तलवंडी समाज समिति के अध्यक्ष अशोक पहाड़िया, प्रकाश सामरिया, महिला मंडल की अध्यक्षा अनिला झांझरी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष निशा जैन सहित समाज के अनेक प्रतिष्ठित सदस्यों ने धर्मलाभ लिया। कार्यक्रम के दौरान पंडित आदि कुमार, अनिल डाबी और मनोज जैन ने भक्तामर स्तोत्र के श्लोकों का वाचन तथा जैन भजनों की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत हो उठा। भक्ति एवं साधना से परिपूर्ण इस आयोजन में लगभग 250 श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पुण्यार्जक जे. के. जैन-पुष्पा जैन रहे। सफल संचालन एवं संयोजन की जिम्मेदारी राजेश बरमुडा, राजकुमार लुहाडिया एवं अरविंद बामडिया ने निभाई।

### जागो-जगाओ एकता पदयात्रा का रथ रवाना

**रामगंजमंडी,** (निसं)। क्षेत्र में एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाली जागो-जगाओ एकता पदयात्रा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। पदयात्रा को भव्य बनाने और अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुँचाने के लिए एक आकर्षक प्रचार रथ तैयार किया गया है। यह रथ गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर पदयात्रा की जानकारी देगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अपील का प्रसारण करेगा और लोगों को पदयात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। रथ पर पोस्टर, ध्वनि व्यवस्था और पूरी पदयात्रा की रूपरेखा प्रदर्शित की गई है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और जागरूकता बढ़ेगी। इसी क्रम में गुरुवार को सहसंयोजक उप जिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर, भाजपा नेता नितिन शर्मा, शिक्षा मंत्री के आईटी सेल से मोडू राठौर, पंचायत समिति सदस्य भगवत सिंह व पार्षद लोकेश पावेचा ने केसरिया झंडी दिखाकर रथ को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया। रथ के रवाना होते ही मार्ग में ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया और कई गांवों में पदयात्रा को लेकर उत्साह देखने को मिला।

### एस.डी.पी. उपलब्ध कराई

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवन दाता द्वारा निरंतर जरूरतमंद को एसडीपी उपलब्ध कराए जाने का क्रम जारी है। कोटा शहर के सेवा भावी लोग मदद को हमेशा तत्पर रहते हैं जिस कारण से समय रहते मरीजों को एसडीपी उपलब्ध हो पाती है और उनके जीवन को बचाने का महत्वपूर्ण कार्य हो पता है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कल्याणी बाई को बी पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता थी उनकी स्थिति गंभीर होती जा रही थी, ऐसे में परिजन परेशान हो रहे थे, तत्काल इंदर सिंह को कॉल किया वो आपकी दुकान पर काफी व्यस्त थे। मरीज की स्थिति की गंभीरता को सुनकर उन्होंने तुरंत दुकान पर वैकल्पिक व्यवस्था की। वे सीधे ही अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने 60वीं बार एसडीपी डोनेट कर मरीज के जीवन को बचाने का प्रयास किया। वह इससे पूर्व 69बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। इंदर सिंह एक टीम बनाकर भी युवाओं को प्रेरित करते हैं ताकि आने वाली पीढ़ी में सेवा का भाव होगा तो जरूरतमंद की सेवा जल्द हो सकेगी।

### योगाभ्यास एवं गुरू वंदन कार्यक्रम

**कोटा,** (निसं)। शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन की नियमितता के क्रम में गुरूवार को कोटा कॉलेज आफ एजुकेशन रानपुर, कोटा में बहुत बड़ी संख्या में छात्राध्यापक-छात्राध्यापिकाओं एवं गुरुजनों ने सामूहिक योगाभ्यास किया, जिसमें सूर्य नमस्कार के साथ-साथ विभिन्न योग क्रियाएं की गई। योगाभ्यास के बाद छात्र-छात्राओं ने पंक्तिबद्ध रूप से गुरुजनों का तिलक लगाकर, आरती की व चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। महाविद्यालय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आरए गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया। डायरेक्टर सिद्धार्थ गुप्ता ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तथा प्राचार्य डॉ बीएल मेहरा ने योग तथा गुरु तथा माता-पिता के चरण वंदन से छात्र-छात्राओं को होने वाले लाभ के बारे में बताया। प्राचार्य ने यह भी बताया कि कोटा कॉलेज आफ एजुकेशन रानपुर कोटा शिक्षा और संस्कार के नाम से जाना जाता है।

### जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**कोटा,** (निसं)। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सांगोद में ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने के बारे में छात्र-छात्राओं को ट्रैनिंग दी गई। राजकीय महाविद्यालय, कनवास में भी एसआईआर-2026 के तहत जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में कार्यशालाओं का आयोजन कर गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### बकाया राशि के 5 ट्रांसफार्मर उठाए

**छबड़ा** (निसं)। विद्युत निगम की टीम ने बकाया वसूली अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए कडैयाबन, खतौली, सोलतपुरा, गोरखपुरा व बावड़ीखेड़ा गांव से 11.11 लाख से अधिक की बकाया राशि के 5 ट्रांसफार्मर उठाये है। सहायक अभियंता जयेन्द्रसिंह झाला ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता और उनके नेतृत्व में निगम की टीम ने क्षेत्र से थ्री फ़ेस के 5 ट्रांसफार्मर उठाए, जिनमे कडैयावन से 0.53 लाख पर 1, खातौली से 3.94 लाख पर 1, सोलतपुरा से 2.65 लाख के 1, गोरखपुरा से 1.51 लाख के 1, ओर बावड़ीखेड़ा से 2.46 लाख पर 1, ट्रांसफार्मर कुल लगभग 11.11 लाख की बकाया राशि पर उठाए है।

### विश्व शौचालय दिवस मनाया

**अंता** (निसं)। नगरपालिका अंता अधिशासी अधिकारी दीपक नागर के निर्देश पर विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छ शौचालय हमारी जिम्मेदारी थीम पर क्लीन शौचालय कैंपेन का आयोजन तीन दिवसीय रहेगा।

# योजनाओं में खाली पड़े भूखंडों पर शीघ्र निर्माण के निर्देश

- श्रीनाथपुरम स्टेडियम का मौका निरीक्षण किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) द्वारा विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं में लंबे समय से रिक्त पड़े भूखंडों के संबंध में निर्माण, सफाई एवं समतलीकरण कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्राधिकरण की आयुक्त ममता तिवारी ने बताया कि कई भूखंड वर्षों से अनिर्मित एवं खाली पड़े हैं, जिससे जलभराव, गंदगी, दुर्गंध, मच्छर-मक्खियों का प्रकोप तथा विषैले जीव-जन्तुओं के खतरे बढ़ जाते हैं।

यह स्थिति आसपास के निवासियों के लिए दुर्घटना एवं बीमारियों का गंभीर जोखिम उत्पन्न करती है। आयुक्त ने सभी भूखंड धारकों से आवंटन पत्र की शर्तों के अनुरूप आवश्यक निर्माण व सफाई कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश जारी किए है।

प्राधिकरण द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि 1 दिसम्बर 2025 तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो नियमानुसार नोटिस जारी कर आवंटन, पट्टा निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी। श्रीनाथपुरम स्टेडियम का भी किया मौका निरीक्षण प्राधिकरण के सचिव मुकेश चौधरी ने श्रीनाथपुरम् स्टेडियम संबंधी समाचार के संदर्भ में बताया कि समाचार प्रकाशित होने के तुरंत बाद अधिशाषी अभियंता के साथ स्थल निरीक्षण किया गया।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल के पूर्व निरीक्षण के पश्चात सभी व्यवस्थाएँ दुरुस्त कर दी गई थी। लापरवाही पर ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा चुका है और संबंधित कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग चल रही है। हाईटेंशन लाइन के समीप स्थित कोने में सफाई के बाद कचरा अस्थायी रूप से एकत्र होता है। इस स्थान पर कचरापात्र लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

निर्धारित मानकों के अनुसार नया बास्केटबॉल ग्राउंड तैयार किया जा रहा है। प्रकाशित फोटो में पुराना बास्केटबॉल ग्राउण्ड है जिसकी जगह नया बास्केटबॉल ग्राउण्ड तैयार किया जा रहा है जो निर्धारित मापदण्डों के अनुसार बनाया जा रहा है। इस पुराने बास्केटबॉल ग्राउण्ड को हटाया जायेगा। क्षेत्र में निर्माण प्रगति पर है और नियमित सफाई सुनिश्चित की जा रही है। अधिशाषी अभियंता को ठेकेदार द्वारा साफ सफाई में लापरवाही करने पर शास्ति लगाने के निर्देश दिये गए हैं।

सचिव मुकेश चौधरी ने यह भी बताया कि कोटा विकास प्राधिकरण ने शहर की स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी भूखंडधारकों से समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु कहा है, इसके अभाव में प्राधिकरण द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## किन्नर समाज ने स्मृति दिवस मनाया

**कोटा,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय ट्रांसजेंडर स्मृति दिवस गुरुवार को सेवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस दौरान गोबरिया बावड़ी सर्किल पर किन्नर समाज की वरिष्ठ सदस्य रीना दीदी एवं श्री कर्मयोगी सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में स्व. गुरु मंजू बाई नायक की स्मृति में सेवा कार्य किए गए।कार्यक्रम में मजदूरों, राहगीरों तथा आमजन को पेयजल की व्यवस्था करते हुए गर्म चाय कुरकुरे एवं बिस्किट के साथ निःशुल्क पिलाई गई। सवेरे की कड़कड़ाती ठंड में गरमा गरम चाय के साथ बिस्किट पाकर सैकड़ों मजदूरों के चेहरों पर मुस्कान बिखर गई। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, कोटा की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णैया द्वारा की गई।

रीना दीदी एवं श्री कर्मयोगी सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष राजाराम ने संयुक्त रूप से बताया कि स्व. गुरु मंजू बाई नायक किन्नर समाज की प्रेरणास्रोत थी।


**सर्वसाधारण हेतु सूचना**

मेरे मुवक्किल श्रीमति कपूरी देवी पुत्री स्व. गोपीलाल जैन पत्नि श्री राम विलास जैन निवासी 3/130, आदर्श नगर ए सुनील फोटो स्टूडियों के पास, सवाईमाधोपुर (राज.) की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवासन मण्डल कोटा से म.नं. 2 क्यू 19 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन श्री गोपीलाल जैन पुत्र स्व. श्री सुंदर लाल जैन के नाम से हुआ था। गोपीलाल जी जैन की मृत्यु 21.05.1998 हो चुकी है। गोपीलाल जैन के एक ही पुत्री कपूरी देवी वारिस है। इस मकान के असल दस्तावेज गुम हो चुके है तलाश करने पर नहीं मिले। गोपीलाल जैन द्वारा पूर्व में इस मकान बाबत् किसी तरह के दस्तावेज इकरारनामा मुख्तारनामा एवं वसीयत नामा तथा अन्य किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं बनाए गए थे। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर उक्त मकान की रजिस्ट्री व नाम हस्तांतरण करवाया जाता है तो वह वैध नही माना जाएगा। सूचित हो।

कोटा

दिनांक: 20.11.25

भवदीय
प्रमोद राठौर एडवोकेट
मो. 9413364411


## पीएम आवास योजना और स्वनिधि योजना के शिविर सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। आर्थिक रूप से कमजोर तथा निम्न और मध्यम आय वर्ग के आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित करने के लिए नगर निगम की ओर से आयोजित नौ दिवसीय शिविर गुरूवार को समाप्त हो गए। इन शिविरों में 320 से अधिक लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना जबकि 380 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत आवेदन किए। नगर निगम आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने बताया कि दोनों ही योजनाओं के लिए नगर निगम क्षेत्र के सभी सेक्टर कार्यालयों पर शिविरों का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कमजोर, निम्न आय और मध्यम आय वर्ग के ऐसे परिवार जिनका पक्का मकान नहीं हैं उन्हें आवास निर्माण के लिए चार किस्तों में 2.50 लाख रूपये अनुदान राशि दी जाती है। शिविर में 320 से अधिक व्यक्तियों ने अपनी स्वयं की छत पाने के उद्देश्य से आवेदन किए।

# शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ कुलदीप सम्मानित

- राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने संवाद किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिले में गणना प्रपत्र के शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य सबसे पहले पूरा करने वाले विधानसभा क्षेत्र सांगोद-186 के भाग संख्या 168 के बीएलओ राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बोरीनाखुर्द (सांगोद) के अध्यापक कुलदीप यादव को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र देकर जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष समारिया ने सम्मानित किया।



कोटा कलेक्टर ने शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ कुलदीप को सम्मानित किया है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने गुरुवार को आयोजित वीसी के दौरान बीएलओ कुलदीप यादव से संवाद भी किया और उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य बीएलओ पॉजिटिव सोच के साथ करें। जो बीएलओ गणना प्रपत्र डिजिटाइज करने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर चुके हैं वे अन्य बीएलओ को प्रोत्साहित करें और उन्हें सहयोग करें। वीसी के दौरान महाजन ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान राज्य में सबसे पहले शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य करने वाले 500 बीएलओ को उनकी ओर से प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित बीएलओ कुलदीप यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नागराखेड़ी गांव के लोगों के सहयोग से ही डिजिटाइजेशन का कार्य इतना जल्दी पूरा करना संभव हो पाया।

एसआईआर प्रक्रिया शुरू होते ही उन्होंने सबसे पहले गणना प्रपत्र घरों के अनुसार सेट किए और घर-घर जाकर प्रपत्र देकर लोगों को जागरूक भी किया। उन्होंने शुरुआत में ही अधिक से अधिक मैपिंग की। जिन महिलाओं की गांव में शादी हुई है उनसे पुराना विधानसभा क्रमांक, भाग संख्या एवं क्रम संख्या मांगी गई जिससे कार्य आसान हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी पीयूष समारिया ने भी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर कुलदीप यादव को बधाई दी। वीसी के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह यादव सहित अन्य ईआरओ भी उपस्थित थे।


अपील की सुनवाई के लिए
नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 के नियम 14)

**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-5, कोटा**

**श्रीमती दया मित्तल**
**विरुद्ध**
**सतीश चन्द व अन्य**

अपील नं. 124/सन 2023

वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश के न्यायालय की तारीख 25.08.2023 को आदेश की अपील नाम रोहित मारवाह पुत्र स्व. श्री हरबन्स लाल जाति मारवाह स्थान स्काई पार्क सुभाष नगर कोटा (राज.) आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश कोटा के आदेश की अपील अपीलान्ट द्वारा उपस्थित की गई और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा ता. 18 माह 12 सन् 2025 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नही होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी। यह आज तारीख 19 माह 11 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

आज्ञानुसार
(मुहर) शेहरिश्तेदार-प्रथम
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम-5, कोटा


# कोटा मंडल परिक्षेत्र के सांसदों के साथ महाप्रबंधक की बैठक सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। यात्री सुविधाओं, रेलवे सेवाओं के उन्नयन एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श के उद्देश्य से गुरुवार 20 नवम्बर को कोटा मंडल परिक्षेत्र के सांसदगणों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सांसदों ने कोटा मंडल में पिछले वर्षों में किये गए विकास कार्यों तथा यात्रियों की सुविधा हेतु उठाए गए कदमों की सराहना की।

बैठक में चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्र प्रकाश जोशी, मंदसौर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता, भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के सांसद दामोदर अग्रवाल उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त राजगढ़, बारां-झालावाड़, उज्जैन एवं मथुरा लोकसभा क्षेत्रों के सांसदों के प्रतिनिधि भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक अनिल कालरा द्वारा विस्तृत पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से मंडल में चल रहे विकास कार्यों एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित प्राथमिकताओं की जानकारी प्रदान की गई।

बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने सभी सांसदगणों का स्वागत करते हुए कहा कि सांसदगणों के सुझाव रेलवे प्रशासन के लिए अत्यंत मूल्यवान हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे यात्रियों एवं माल ग्राहकों को सुरक्षित, विश्वसनीय और उन्नत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सतत् प्रयासरत है। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के 53 स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है, जिनमें कोटा एवं न्यू कोटा सहित कोटा मंडल के 19 स्टेशन शामिल हैं।



कोटा मंडल परिक्षेत्र के सांसदों के साथ महाप्रबंधक की बैठक सम्पन्न हुई है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम मध्य रेल कोटा-मथुरा एवं कोटा-नागदा खंड पर कुल 549 किलोमीटर में स्वदेशी कवच 4.0 प्रणाली लागू करने वाला देश का पहला रेलवे जोन बन गया है, जिससे सुरक्षित एवं कुशल रेल संचालन को नई दिशा मिली है। माल लदान के क्षेत्र में भी पश्चिम मध्य रेल ने उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित की हैं। इस वित्तीय वर्ष में अक्टूबर 2025 तक 31.47 मिलियन टन माल लदान तथा 4959 करोड़ रुपये की आय प्राप्त की गई है, जिसमें कोटा मंडल का 4.26 मिलियन टन माल लदान और 934 करोड़ रुपये का योगदान रहा है।

अधोसंरचना विकास की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि रामगंजमंडी-भोपाल नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 22 किलोमीटर नई लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष खंडों का कार्य जनवरी 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए डॉ. अम्बेडकर नगर-कोटा-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस, घाटौली-झालावाड़ सिटी मेमू सेवा तथा अन्य ट्रेनों का विस्तार एवं नए ठहराव प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, कोटा मंडल द्वारा शुरुआत की गई मेडिसिन्स ऑन व्हील्स जैसी अभिनव सुविधा यात्रियों को चलती ट्रेन में ही चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है।

बैठक की अध्यक्षता सांसद चंद्र प्रकाश जोशी द्वारा की गई। सांसदगणों ने अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में रेलवे से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे-ट्रेनों के ठहराव, नई रेल सेवाओं की मांग, स्टेशन सुविधाओं में सुधार, ओवरब्रिज, अंडरब्रिज निर्माण, लेवल क्रॉसिंग पर सुरक्षा उपाय, तथा यात्री सुविधा केंद्रों के उन्नयन पर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। महाप्रबंधक ने सांसदगणों द्वारा प्रस्तुत सभी सुझावों पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कोटा मंडल में रेलवे सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। बैठक के अंत में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे नीरज कुमार ने सभी सांसदगणों का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (सामान्य) मनीष कुमार पटेल द्वारा किया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं रचनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुई।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-663 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-20.11.25

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 1574 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 24.04.2010 को श्री राधेश्याम नागर पुत्र श्री बिरधी लाल नागर को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री रामविलास शर्मा पुत्र श्री रामकल्याण शर्मा द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 12.04.2021 को श्री हरीश पुत्र श्री पन्नालाल एवं श्रीमती विष्णु कान्ति पत्नी श्री हरीश को विक्रय कर दिया गया है। अत: क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 1574 योजना विनोबा भावे नगर "निर्धन को आंगन" का नाम हस्तान्तरण श्री हरीश पुत्र श्री पन्नालाल एवं श्रीमती विष्णु कान्ति पत्नी श्री हरीश के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-664 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-20.11.25

कोटा विकास प्राधिकरण की विवेकानन्द नगर आवासीय के भूखण्ड/आवास संख्या 184 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 20.03.2002 को श्री विजेन्द्र जैन पुत्र श्री नन्दकिशोर जैन को किया गया था। आवंटी श्री विजेन्द्र जैन की मृत्यु दिनांक 24.01.2024 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में मृत्यु प्रमाण पत्र, आई.डी., शपथ पत्र, रिलीज डीड, इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास अपने नामहस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण से चाही जा रही है।

अत: प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 184 योजना विवेकानन्द नगर आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती संगीता जैन पत्नी स्व. श्री विजेन्द्र जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/1493 दिनांक:-20.11.2025

**विक्रय स्वीकृति चाहने बाबत आम सूचना**

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-197 विश्वकार्मा नगर स्पेशल योजना का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक-480 दिनांक 13.12.2000 द्वारा प्रो. मोडर्न डेन्टिग वर्क्स प्रो. साकिर हुसैन पुत्र श्री अ. रहिम को आंवटित किया गया था। प्रो. साकिर हुसैन पुत्र श्री अ. रहिम के द्वारा श्री हरिकिशन पुत्र श्री खेताराम को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया है। श्री हरिकिशन पुत्र श्री खेताराम के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड कि विक्रय स्वीकृती चाही गई है। श्री हरिकिशन पुत्र श्री खेताराम के द्वारा अपने नाम उक्त भूखण्ड कि विक्रय स्वीकृती हेतु आवेदन किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस विक्रय स्वीकृती की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या-197 विश्वकार्मा नगर स्पेशल योजना कि विक्रय स्वीकृती श्री हरिकिशन पुत्र श्री खेताराम नाम से जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**